हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025

09 बागवानी की स्कीमों के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर...

10 नागरिक अस्पताल में नहीं है एंटी रेबीज के इंजेक्शन...



महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो: हरिभूमि

## चबूतरे पर धार्मिक स्थल बनता देख गोरक्षा दल ने रूकवाया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नागरिक अस्पताल परिसर में पक्षियों के लिए बने चबूतरे पर धार्मिक स्थल का निर्माण करने को लेकर शुक्रवार विवाद हो गया। गो रक्षा दल से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य के तौर पर लगाई जा रही टीन शेड के काम को रूकवा दिया। दूसरे पक्ष ने भी कोई एतराज किए बिना काम को बंद कर दिया। मौके पर पुलिस भी पहुंची। यहां आए गौ रक्षक दल से प्रभाष छक्कड़, मुकेश शर्मा, संजय अमन ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में पुराना चबूतरा है। इसमें पानी की कुंडी भी बनी हुई है। स्वास्थ्य कर्मियों के क्वार्टर भी यहां बने है। आस पास के लोग बरसों से यहां पर इस चबूतरे पर पक्षियों के लिए दाना डालते है और कुंडी में पक्षियों के लिए पानी भरते है।

आज सुबह पता चला कि एक समुदाय के जुड़े लोगों ने इसे अपना धार्मिक स्थल बनाने का प्रयास किया। ऊपर लोहे की टीन शेड लगाने का काम शुरू किया हुआ था। हम यहां पहुंचे और इस अवैध काम को बंद करवाया। उन्होंने चेताया है कि चबूतरे को चबूतरा ही रहने दो, दूसरे का दखल किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस मामले की सूचना मिलने पर सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंची और विवाद की आशंका को देखते हुए दूसरे पक्ष से जुड़े लोगों को कार्य बंद रखने को कहा गया। इस पर दूसरा पक्ष मान भी गया और कार्य को बंद कर दिया।

## हकेंवि का 11वां दीक्षांत समारोह आज

■ महिला दिवस के अवसर पर प्रो. नीलिमा गुप्ता 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को प्रदान करेंगी डिग्रियां

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित होने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता मुख्यातिथि व हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता यादव की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निखिल माथुर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएगी। कुलपति ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में 1426 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। इनमें 647 छात्राएं हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक के अनुसार दीक्षांत समारोह में 45 को पीएचडी, 811 को स्नातकोत्तर, 570 को स्नातक डिग्रियां प्रदान की जाएगी। साथ ही उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 49 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

## नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**नारनौल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार आठ मार्च को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के लिए पांच बेंचों का गठन किया गया है। नारनौल में राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के लिए तीन तथा महेंद्रगढ़ में एक व कनीना में एक बैंच का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि नारनौल में अतिरिक्त एवं जिला सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी, ललिता पटवर्धन व सिविल जज भुवनेश सैनी केसों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ में सिविल जज प्रदीप कुमार व कनीना में सिविल जज प्रवीन कुमार लोक अदालत में केसों की सुनवाई करेंगे।









## खबर संक्षेप

### आज रवाना होगी बाबा की निशान यात्रा

**महेंद्रगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम सेवक मंडल की ओर से जेतपुर धाम के लिए ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। शनिवार को प्रातः आठ बजे श्री रामलीला परिषद् से चलकर जेतपुर धाम के लिए रवाना होगी। श्याम भक्त सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि जो भी भक्त जेतपुर जाना चाहते हैं, वह शनिवार को 7:30 बजे श्री रामलीला परिषद् में पहुंचे।

### स्टेट हाईवे में बने कट से हो रहे हादसे

**कनीना।** प्रदेश सरकार की ओर से पिछले दिनों घोषित किए गए राज्य मार्ग कनीना दादरी सड़क पर हैफेड गोदाम के समीप पाइप लाइन डालने के लिए बनाए गए कट से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गहरी नींद सोए हुए हैं और उनको किसी बड़े हादसे का इंतजार है। काबिले गौर है कि इस कट से कुछ दूरी पर ही कुछ समय पूर्व एक बस हादसा हुआ था। जिसमें छह बच्चों की जान गई थी। यहां पर दो बाइक चालक भी गिर गए थे। जिनको एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। यह कट मुख्य मार्ग के बीचों बीच है। जहां तेज गति से साधन आते हैं और अचानक गहरे गड्ढे में चले जाते हैं।

### ठाकुर जी का मेला 14 को मिर्जापुर-बाछौद में

**मंडी अटेली।** धुलंडी के मौके पर ठाकुर जी महाराज का मेला 14 मार्च को गांव के मंदिर मिर्जापुर-बाछौद परिसर में भरेगा। मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव सरपंच लक्ष्मीनारायण ने बताया कि बाबा की महिमा का गुणगान व पुजारी पंडित नितिन तिवाड़ी प्रसाद वितरित करेंगे। मेले में वॉलीबॉल शूटिंग व कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 7100 व द्वितीय को 6100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कुश्ती 51 रुपये से लेकर 7100 रुपये तक की करवाई जाएगी।

# मरीज मेडिकल स्टोर पर महंगे इंजेक्शन खरीदने को मजबूर, बीपीएल परिवारों को फ्री

**खास बातें**

- नागरिक अस्पताल में नहीं है एंटी रेबीज के इंजेक्शन, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल का भवन। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज के इंजेक्शन खत्म होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले मरीजों को निजी अस्पताल या बाहर से इंजेक्शन खरीदकर लगवाना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल में हर रोज 40-50 से ज्यादा कुत्ते व बंदर के काटने के पीड़ित पहुंचते हैं। इंजेक्शन खत्म होने से उनको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को निजी अस्पताल या फिर बाहर से मेडिकल स्टोर से खरीदकर इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा है। बाहर से इंजेक्शन खरीदकर लगवाते हैं तो उनको 350 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि अस्पताल की ओर से टीके की डिमांड भेजी हुई है, लेकिन अभी सप्लाई नहीं मिली है। अस्पताल में जल्द टीके खत्म होने का भी एक कारण हैं। इस बार दो हजार टीके आए थे, लेकिन नांगल सिरोही, सतनाली, पाली, मालड़ा बास व सेहलंग के सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं होने की वजह से इन अस्पताल के मरीज भी महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल में अपना उपचार करवाते हैं।

**बीपीएल को निःशुल्क, बाकियों को देने पड़ते हैं 100 रुपये**

सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन बीपीएल कार्ड धारक को निःशुल्क लगता है और बाकी लोगों को 100 रुपये देने पड़ते हैं। अब इंजेक्शन खत्म होने से बीपीएल कार्ड धारकों को भी 350 रुपये में खरीदकर इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा है। ऐसे में उनको आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। कई बार लोगों की ओर से इंजेक्शन खत्म होने का मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन समाधान नहीं हुआ है।

**गर्मी के मौसम में अधिक काटते हैं कुत्तेः**

चिकित्सकों के अनुसार बहुत ज्यादा गर्मी में कुत्तों का व्यवहार बदल जाता है। विपरीत मौसम में वह चिड़चिड़े हो जाते हैं। कुत्तों में स्किन इंफेक्शन भी हो जाता है, यही कारण है कि कुत्ते के काटने के केस बदलते मौसम में बढ़ जाते हैं। मौसम बदलने की वजह से कुत्ते खतरनाक हो जाते हैं। इसलिए कुत्तों के काटने केस भी काफी बढ़ जाते हैं। चिकित्सकों के अनुसार कुत्ते के काटने पर पहले तीन, सात और 29 दिन में चार इंजेक्शन लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह चार इंजेक्शन उस स्थिति में लगाए जाते हैं।

**शहर में बंदरों व कुत्तों का आंतक**

शहर में आवारा कुत्तों व बंदरों का आतंक है। रोजाना 10 से 15 लोग कुत्ते व बंदरों के काटने पर नागरिक अस्पताल में पहुंच रहे हैं। लेकिन नगर पालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों व बंदरों को पकड़ने की कोई योजना तैयार नहीं की गई हैं। नगर पालिका में रोजाना लोग बंदर व कुत्तों को पकड़ने की शिकायत लेकर जा रहे हैं। इसके बावजूद भी नगर पालिका द्वारा कोई योजना तैयार नहीं की गई हैं। शहर में बंदरों व आवारा कुत्तों का सबसे ज्यादा आतंक मौहल्ला सैनीपुरा, नीमड़ी नीचे, मौहल्ला खटीकान, कोकाबंगड़ी, नहर कॉलोनी, रेलवे रोड, करेलिया बाजार, माता मसानी चौक सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुत्तों व बंदरों का उत्पात है। आवारा कुत्तों से परेशान होकर शहर के लोग कई बार नगर पालिका के अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई योजना तैयार नहीं की गई हैं।

## सरस्वती स्कूल के तनुज ने भारतीय मानचित्र पर राज्य व राजधानी का किया उल्लेख

# मानचित्र पर राज्य और राजधानी को 1.29 मिनट में दर्शाकर बनाया रिकॉर्ड

स्कूल प्रबंधन कमेटी ने अद्भुत मेधावी छात्र के इस प्रदर्शन पर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


**नांगल चौधरी।** भारतीय मानचित्र के साथ मेधावी बच्चा तनुज कुमार।

प्रतिभा किसी सुविधा या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, क्योंकि दृढ़ निश्चय और निरंतर प्रयास करने वाले युवाओं को सफलता मिलना सुनिश्चित होता है। यह साबित करके दिखाया है सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सात वर्षीय छात्र तनुज ने। जिन्होंने एक मिनट 29 सेकेंड में भारतीय मानचित्र पर राज्य और राजधानी को नाम वाइज चिन्हित करके रिकार्ड बनाया है। मेधावी बच्चे को स्कूल की प्राचार्या वंदना यादव व एमडी अमित यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया है।

आपको बता दें कि बूढ़वाल निवासी शिवचरण के एक बेटा तनुज और एक बेटी है। बड़ी बेटी भी सरस्वती स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा है तथा तनुज कुमार ने दूसरी कक्षा की परीक्षा दी है। तनुज कुमार शुरू से जिज्ञासू प्रवृति का छात्र है जो कक्षा में अध्यापक से सवाल जबाब करने में आगे रहता है।

भारतीय इतिहास और हड़प्पा संस्कृति से विशेष लगाव होने के कारण खाली पीरियड में इतिहास की शिक्षिका के पास ज्ञानोवर्धन करता है। बीते दिनों स्कूल में भारतीय मानचित्र पर राज्यों के नाम तथा राजधानी को चिन्हित करने की प्रतियोगिता हुई थी। जिस में दूसरी कक्षा के छात्र ने एक मिनट 29 सेकेंड में सभी राज्यों व राजधानी को मैप में नाम वाइज अंकित किया है। साथ ही उन्होंने केंद्र शासित राज्यों का भी मानचित्र में उल्लेख करके अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। तनुज कुमार ने सफलता का श्रेय शिक्षिका किरण कुमारी को दिया है, कहा कि मानचित्र का अवलोकन कराते हुए पढ़ाने से स्मरण शक्ति बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मानचित्र के अध्यन से पूरे देश की भूगौलिक स्थिति की जानकारी मिलती है साथ ही स्वदेशी संस्कृति से लगाव बढ़ता है। मेधावी बच्चे को सम्मानित करने के लिए स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे को नकद पुरस्कार के साथ प्रशंसा पत्र दिया गया है। कार्यक्रम में डीपीई बिक्रम सिंह, एचओडी संदीप कुमार, धीरज कुमार, यादराम, दुर्गा प्रसाद, विनोद कुमारी आदि मौजूद थे।


तनुज कुमार

**आइएएस बनने का संजोया सपना**

प्रतिभाशाली बच्चे तनुज कुमार ने बताया कि भारतीय इतिहास तथा भूगौलिक स्थिति रोचक है। प्रत्येक राज्य की संस्कृति से एजुटता का संदेश मिलता है साथ ही राष्ट्र भावना समावेशित होती है। आईएएस बनकर समाज में भ्रष्टाचार और कुरीतियों को मिटाना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय मनचित्र के अध्यन से पूरे देश की संस्कृति, विभिन्न फसलों व अन्य जानकारी उपलब होती है।

**डिजिटल बोर्ड के प्रबंध से प्रेक्टिस की**

स्कूल के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने बताया कि तनुज में किताबी पढ़ाई के साथ सामान्य नॉलेज के विषय पढ़ने की ललक है। प्रत्येक कक्षा में डिजिटल बोर्ड का प्रबंध किया गया है। जिसकी मदद से बच्चे भारतीय मानचित्र व अन्य ज्ञानोवर्धक विषयों का अध्यन करते हैं। तनुज कुमार की सफलता से अन्य बच्चों को भी प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कक्षाओं में भारतीय इतिहास व सामान्य नॉलेज की विशेष कक्षाएं लगाई जाती हैं।

# गांव में खेत में काम करते समय दो किसानों की मौत

- पुलिस ने दोनों मृतक के बेटे के बयान पर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में खेत में काम करते समय दो किसान की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतक के बेटे के बयान पर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

**केस-1:** गांव जड़वा निवासी एक किसान की अचानक मौत हो गई। मृतक किसान के दो बच्चे हैं। मृतक किसान अपने खेत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक किसान का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक किसान के बेटे मोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव जड़वा का निवासी है और आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि हम दो भाई-बहन हैं। वह सबसे बड़ा व छोटी बहन है। उसके पिता हंसराज जमींदारे का काम करता है। पिता हंसराज छह-सात मार्च की रात को खेत में पानी लगाने के लिए गया था, सुबह तक पिता घर पर नहीं आया तो उसने अपने खेत में जाकर देखा तो खेत की मेड के पास पिता पड़ा हुआ दिखाई दिया। बाद उसने पिता को हिलाया और आवाज लगाई तो पिता नहीं उठे।

इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी और साधन का इंतजाम करके सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ लेकर आए, जहां पर चिकित्सकों ने पिता को चेक करके मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके पिता की मौत बारे परिवार के सभी व्यक्तियों से तसल्ली कर की है कि पिता हंसराज की मृत्यु अचानक हृदय गति रूकने से हुई है।

**केस-2:** गांव कुरहावटा निवासी एक किसान की खेत में काम करते समय अचानक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक किसान का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पुत्र रविंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव कुरहावटा का निवासी है।

उसके पिता सूबेसिंह को शाम लगभग 9:30 बजे हार्ट अटैक आया था। इसके बाद हम पिता को अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने बताया कि आपके पिता की मृत्यु हार्ट अटैक आने से हुई है। 9:30 बजे पिता खेत में काम करते हार्ट में दर्द हुआ।

# शहर में तीन बड़े शोरूम में हुई चोरी केस दर्ज तक सिमटी पुलिस कार्रवाई

- होंडा शोरूम, क्रॉकरी शोरूम व रंगपेंट की बड़ी दुकान को एक ही नाम में बनाया निशाना
- नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी का है होंडा शोरूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


होंडा शोरूम में जांच को जुटी पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

चोरी की वारदात में पुलिस कार्रवाई कागजों में सिमट कर रह गई है। हालात इन दिनों ऐसे है, नारनौल शहर ही नहीं जिला में शायद ही ऐसा कोई दिन जाता हो, जिस दिन चोरी की वारदात नहीं हो रही हो। वीरवार की रात भी शहर में तीन बड़े शोरूम में चोरी की वारदात हुई। शहर में सिंघाना रोड पर होंडा शोरूम, क्रॉकरी शोरूम व रंगपेंट की बड़ी दुकान में चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। खास बात यह रही कि तीनों ही जगह शोरूम के पीछे से ताला तोड़ा गया। चोरों ने रंग पेंट की दुकान को भी अपना निशाना बनाया। चोरों ने वजीर पेंटर की दुकान से हजारों रुपये नकद के अलावा सामान चुरा ले गए।

**होंडा शोरूम से दो लाख चुराए**

होंडा शोरूम के मैनेजर ने बताया कि चोरों ने पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने वर्कशाप के दरवाजे को भी तोड़कर उसमें एंट्री की। यहां से चोर वर्कशाप के गल्ले से हजारों रुपये चुरा ले गए। वहीं अन्य सामान भी उन्होंने चुरा लिया। इसके अलावा चोरों ने शोरूम के गल्ले से भी हजारों रुपये चुरा लिए।

# सुरेन्द्र बने राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


सुरेंद्र नंबरदार

नंबरदार सुरेन्द्र यादव फतेहपुर को राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। यह उनके लिए एक नई जिम्मेदारी है, लेकिन उनके पास कांग्रेस पार्टी में प्रदेश स्तर के कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का अनुभव है। वह लगभग 25 साल से कांग्रेस पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और पार्टी के बुरे समय में भी मजबूती से खड़े रहे हैं। नंबरदार सुरेन्द्र यादव मूल रूप से अटेली विधानसभा के फतेहपुर गांव के रहने वाले हैं और किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने राजनीति के साथ साथ समाजसेवा में भी अपनी पहचान बनाई है और आज भी गांव में रहकर लोगों की सेवा में समर्पित हैं।

2024 में अटेली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने वालों में अग्रणी पक्ति में थे, लेकिन टिकट न मिलने पर भी पार्टी के कैंडिडेट के साथ दिनरात प्रचार किया था।

# हरियाणा पब्लिक स्कूल में स्कूल में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार

- महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं, हर जगह नाम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


**नारनौल।** सेमिनार में मौजूद विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सीनियर मैनेजर गायत्री शर्मा मुख्य अतिथि रही तथा अध्यक्षता विद्यालय एमडी निधि वर्मा ने की। गायत्री शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

आज जहां शिक्षा के क्षेत्र में छात्राएं, छात्रों से बाजी मार कर उनसे आगे निकल रही हैं। वहीं राजनीतिक, सामाजिक, स्पोर्ट्स व अन्य किसी भी मंच पर महिलाओं को समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए देखा जा सकता है। विद्यालय एमडी निधि वर्मा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए कहा कि हर वर्ष महिला शक्ति को बढ़ावा देने के लिए आठ मार्च को अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है और अब समय के साथ धीरे धीरे महिलाएं जीवन के हर स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# 12 मार्च को धूमधाम से मनेगा डॉ. अजय चौटाला का जन्मदिनः सिकंदर गहली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


डा. अजय सिंह चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 12 मार्च को प्रातः नौ बजे रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म हाउस में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए माता सती वैलफेयर समिति के प्रधान सिकंदर गहली ने बताया कि वह हर वर्ष डा. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं और अबकी बार भी उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बार 18वां रक्तदान शिविर आयोजित होगा, जिसमें सैकड़ों युवा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। उनके 64वें जन्मदिन पर सीएल फार्म में 64 किलो का विशाल केक भी काटा जाएगा। रक्तदान शिविर जिला रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित होगा, जिसमें रक्तकोष के लिए स्वास्थ्य विभाग के ब्लड बैंक की नारनौल एवं रेवाड़ी की टीमों को आमंत्रित किया गया है।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने 190 वाहन किए चेक

- अवैध पत्थर ढोते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, 2.15 लाख जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


**नारनौल।** अवैध पत्थर ढोते पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली। *फोटो : हरिभूमि*

जिला प्रशासन की ओर से अवैध खनन व खनिज के अवैध तरीके से परिवहन को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। पिछले दो दिनों में टीम ने 190 वाहन चेक किए। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली अवैध पत्थर ले जाते पकड़ा गया। जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग, फॉरेस्ट विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम वीरवार रात को नांगल चौधरी क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पत्थर का अवैध परिवहन करते पकड़ी गई। पकड़े जाने पर ट्रैक्टर चालक कोई बिल नहीं दिखा पाया। ऐसे में नियम अनुसार इस पर 2.15 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशानिर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह लगातार भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगी। इस संबंध में समय-समय पर मीटिंग बुलाकर दिशानिर्देश दिए जा रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज, कार्यक्रम होगा आयोजित

# मुखिया बन महिलाओं ने संतान को बनाया काबिल

- महिलाओं के प्रति आदर सम्मान, उनके अधिकारों, सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


सरोज देवी


समाकौर

विश्वभर में आठ मार्च के दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिवस को विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित किया गया है। इस दिवस पर लोगों को महिलाओं के प्रति आदर सम्मान, उनके अधिकारों, उनकी उपलब्धियों को बताने के साथ ही लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

**बच्चे को बनाया सब इंस्पेक्टर**

नारनौल तहसील के गांव कादीपुरी की सरोज देवी ने संघर्ष करके अपने पुत्र कर्ण सिंह को यदुवंशी स्कूल में पढ़ाया। इसके बाद उन्होंने कर्ण सिंह को कॉलेज की पढ़ाई के साथ साथ दिल्ली कोचिंग के लिए भेजा। विधवा होने की स्थिति में सरोज देवी ने कभी हार नहीं मानी और 2022 में हरियाणा पुलिस की भर्ती के लिए आवेदन करवाकर अपने पिता के सपने को याद दिलाया। कर्ण सिंह ने कड़ी मेहनत करते हुए बिना सिफारिश के हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित हुए और अपने पिता का सपना पूरा किया। एक विधवा महिला ने मेहनत के बल पर अपने पुत्र को इस मुकाम पर पहुंचाया है। कर्ण सिंह इस समय रेवाड़ी के बावल थाने में कार्यरत है। आर्थिक स्थिति से लड़ते हुए बच्चों को कामयाब बनाया, अब सभी बच्चे आनंद महूसस कर रहे है। इसके पीछे बच्चों की कड़ी मेहनत भी है। समाज में लड़कियों को बाहर पढ़ने भेजने पर काफी आलोचनाएं झेलनी पड़ी, अब प्रेरणादायक बनी।

**सिलाई करके बच्चों को दिलाया सरकारी पद**

नांगल चौधरी थाने के अंतर्गत ढाणी बाठोठा की समाकौर ने गांव में कपड़ों की सिलाई करके अपने तीनों बच्चों को सरकारी पद पर पहुंचाया है। आर्थिक स्थिति से झुझते हुए उन्होंने बच्चों को अच्छी पढ़ाई देते हुए कोचिंग भी करवाई। समाज में मिशाल देते हुए उन्होंने बेटे रविन्द्र यादव को चंडीगढ़ पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयनित करवाया। इसी के साथ बड़ी बेटी पूनम यादव को हरियाणा में टीचर पद पर तथा छोटी बेटी सुमन यादव को दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयनित करवाया। समाकौर ने

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांवों में होगा स्पेशल ग्राम सभाओं का आयोजन

- स्पेशल ग्राम सभाओं में स्वच्छता व जल के मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


मनोज कुमार

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के गांवों में स्पेशल ग्राम सभाओं के आयोजन करने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आठ मार्च को जिला के सभी गांव में स्पेशल ग्राम सभाओं का आयोजन कर स्वच्छता एवं जल के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार इसमें मुख्य रूप से जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एचएसआरएलएम व पंचायती राज सदस्यों की मुख्य भुमिका रहेगी। खण्ड व ग्राम स्तर पर वाश (धुलाई जल, स्वच्छता व स्वच्छता) दौड़, अभिनन्दन समारोह, महिला के साथ सभा, महिला हितैषी ग्राम पंचायतों का चयन व प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रदर्शन पैनल चर्चा व कहानी कहने का सत्र, प्रशिक्षण सत्र, स्वयं सहायता समूहों की ओर से मेले का आयोजन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ग्राम पंचायतों की महिला सरपंच को सम्बन्धित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।